जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

18 मार्च, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नई दिल्ली के बीकानेर हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल में देश-विदेश से कला से संबंधित सभी क्षेत्रों के कलाकार शामिल हुए हैं। फेस्टिवल में नाटकों के प्रदर्शन के साथ-साथ प्रतिदिन नाट्य कला पर मंथन भी होगा। इनके माध्यम से नए कलाकार इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को सुनकर उनके अनुभवों से लाभान्वित एवं प्रेरित हो सकेंगे।
- राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रमेश बोराणा ने बताया कि जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल में देश-विदेश के 6 नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बताया कि राजस्थान संगीत नाटक अकादमी कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। राज्य में उच्च शिक्षण संस्थानों में नाट्य विभाग खोलकर युवा पीढ़ी को इस कला से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही, दिल्ली में बीकानेर हाउस के द्वारा भी कलाकारों को एक अंतर्राष्ट्रीय मंच उपलब्ध करवाया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बजट में लोक कलाकार संबल कोष के गठन के लिये 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कलाकारों को यंत्र खरीदने के लिये 5000 रुपए देने तथा साल में 100 दिन काम देने के लिये योजना लाई गई है।
- इसके अलावा कोरोना काल में कलाकारों को संबल देने के लिये 5000 रुपए की सम्मान राशि उपलब्ध करवाई गई। राज्य सरकार द्वारा आयोजित लोक उत्सवों में कलाकारों को कला प्रदर्शन का अवसर दिया जा रहा है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल पर पुस्तिका का विमोचन भी किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jodhpur-international-theater-festival-inaugurated